दिनांक 06.02.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जहानाबाद जिलान्तर्गत में संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जहानाबाद के परिसर में अतिरिक्त 300 बेड का एक बालक छात्रावास (जी0+5) एवं 200 बेड का एक बालिका छात्रावास (जी0+3) के निर्माण कार्य से प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-

उपस्थितिः-

(i)	**श्री कुमार रवि,** सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना।	-	**अध्यक्ष**
(ii)	**श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव भवन निर्माण विभाग, पटना।	-	**सदस्य**
(iii)	**श्री मनोज कुमार सिंह,** मुख्य अभियंता (दक्षिण), भवन निर्माण विभाग, पटना।	-	**सदस्य**
(iv)	**श्री विकास कुमार पाण्डेय,** आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना।	-	**सदस्य**

1	कार्य का नाम	-	जहानाबाद जिलान्तर्गत में संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जहानाबाद के परिसर में अतिरिक्त 300 बेड का एक बालक छात्रावास (जी0+5) एवं 200 बेड का एक बालिका छात्रावास (जी0+3) के निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	-	₹ 4242.74 लाख (अपर सचिव, विज्ञान प्रावैद्यिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक-3476 दिनांक-30.06.2025)
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	-	₹ 35,18,53,600/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1558 (नि0) अनु0 दिनांक-26.09.2025)
4	परिमाण विपत्र की राशि	-	₹ 35,01,16,539/- (असैनिक कार्य)
5	निविदा की राशि	-	₹ 39,64,05,905/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	-	पी0आर0संख्या-017597(भ0) 25-26 हिन्दुस्तान समाचार पत्र मे दिनांक-21.11.2025 मे प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	-	01.12.2025
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	-	08.12.2025 / 12.12.2025
9	निविदा की तिथि	-	24.12.2025
10	निविदा खोलने की तिथि	-	26.12.2025
11	<u>निविदादाता का नाम एवं पता</u>	-	(1) मे0 संजय कुमार यादव, शिव मंदिर, जेल रोड, रामपुर, गया। (2) मे0 बी0 राय कंसट्रक्सन कंपनी, गुप्तेश्वर कॉम्प्लेक्स, धनबाद, झारखंड। (3) कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानाबाद। (4) अशोक कुमार, पटोरी, पचगछिया, सहरसा। (5) मे0 अवधेश कंसट्रक्सन, ए0पी0 कॉलनी, गया। (6) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड कंपनी, आनन्दपुर, कादिरगुंज, नवादा।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-

दिनांक 20.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे भाग लिए चार निविदाकार को सफल घोषित किया गया था। तकनीकी बीड के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु विभागीय वेबसाईट पर दिनांक-26.01.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक रखा गया। निर्धारित समय अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद नही प्राप्त होने पर तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापित होने के उपरांत सही पाया गया है, तद्रोपरांत वित्तीय बीड खोलकर कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत हैः-

क्र0 सं0	संवेदक का नाम	निविदा की राशि	उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से)	उद्धृत राशि
1	मे0 संजय कुमार यादव, शिव मंदिर, जेल रोड, रामपुर, गया।	₹ 39,64,05,905/-	13.96 % कम	₹ 34,10,67,641/-
2	मे0 बी0 राय कंसट्रक्सन कंपनी, गुप्तेश्वर कॉम्प्लेक्स, धनबाद, झारखंड़।		6.75 % कम	₹ 36,96,48,506/-
3	कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानाबाद।		15.12 % कम	₹ 33,64,69,332/-
4	अशोक कुमार, पटोरी, पचगछिया, सहरसा।		13.52 % कम	₹ 34,28,11,827/-

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानाबाद है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इस निविदा के न्यूनतम सफल निविदाकार ''कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानाबाद'' को परिमाण-विपत्र की दर से 15.12 प्रतिशत कम उद्धृत दर पर अर्थात् राशि ₹33,64,69,332/- (तैतीस करोड़ चौसठ लाख उनहत्तर हजार तीन सौ बत्तीस रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता (द0) को प्राधिकृत करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

जहानाबाद जिलान्तर्गत में संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जहानाबाद के परिसर में अतिरिक्त 300 बेड का एक बालक छात्रावास (जी0+5) एवं 200 बेड का एक बालिका छात्रावास (जी0+3) के निर्माण कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक-02.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
(विकास कुमार पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ह0/-
(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (द0)
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ह0/-
(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त
-सह- विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ह0/-
(कुमार रवि)
सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांक भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-110/2023 4449   पटना/दिनांक 06/02/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (द0)।